# प्रेस नोट - थाना सदर बाजार

# जनपद शाहजहाँपुर

## सराहनीय कार्य दिनांक – 29.08.2026

## थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब एवं शस्त्रों की बिक्री तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के कुशल नेतृत्व में थाना सदर बाजार पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 07.08.2026 को वादिनी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अभियुक्तगण अली उर्फ मुन्ने आदि 04 नफर द्वारा वादिनी को झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने, विरोध करने पर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 423/26 धारा 69/115(2)/352/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 69 बीएनएस का लोप करते हुए धारा 64(1)/123 बीएनएस की वृद्धि की गई। आज दिनांक 29.08.2026 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त मो0 अली उर्फ मुन्ने की सुरागरसी-पतारसी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गई कि अभियुक्त मो0 अली उर्फ मुन्ने मो0 बाडूजई प्रथम स्थित पीली मस्जिद के पास, सुभाष नगर से लाल इमली जाने वाले मार्ग पर खड़ा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर समय करीब 12:30 बजे उक्त व्यक्ति को पीली मस्जिद के पास से पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम मो0 अली उर्फ मुन्ने पुत्र स्व0 जफर अली, निवासी मो0 बाडूजई प्रथम, निकट रिंकू पार्षद का मकान, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 35 वर्ष बताया। अभियुक्त को उसके विरुद्ध पंजीकृत अभियोग एवं धाराओं से अवगत कराते हुए विधि सम्मत रूप से पुलिस हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

मो0 अली उर्फ मुन्ने पुत्र स्व0 जफर अली निवासी मो0 बाडूजई प्रथम निकट रिंकू पार्षद का मकान थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 35 वर्ष

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 423/26 धारा 64(1)/123/115(2)/352/351(3) बीएनएस थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तारी का दिनाँक/समय व स्थान-**

दिनांक 29.08.2026 को समय 12.30 बजे, मो0 बाडूजई प्रथम पीली मस्जिद के पास।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 प्रियवृत्त दुहूण थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।
2. का0 आकाश कुमार थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।
3. रि0का0 विकास कुमार थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर।